Regarding restoration of concessions to senior citizens in Railways

SHRIMATI SUPRIYA SADANAND SULE (BARAMATI): Sir, I would request the hon. Railway Minister that during the time of COVID-19, जो ये सीनियर सिटिजन्स या ज्येष्ठ नागरिक हैं, उनको जो छूट दी जाती थी, उनको रेलवे में कन्सेशन मिलता था, वह कोविड के कारण बंद कर दिया गया था। इस देश के जो ज्येष्ठ नागरिक हैं, ट्रेन का टिकट बुक करते समय महिलाओं को 50 प्रतिशत छूट दी जाती थी और पुरुषों को 40 प्रतिशत छूट दी जाती थी।

उस समय कहा था कि जब कोविड खत्म हो जाएगा, रेलवे ठीक हो जाएगा तो फिर से वह कंसेशन शुरू करेंगे, लेकिन सीनियर सिटीजन्स का रेल का कंसेशन अभी भी बंद है। आप एक तरफ बुलेट ट्रेन्स और पता नहीं कौन-कौन सी नई ट्रेन्स चलवा रहे हैं, अगर उनके पास इतना पैसा है तो ज्येष्ठ नागरिकों का जो हक है, जिनके कारण हम सब यहां खड़े हैं, उनकी मेहनत से यह देश 25-30 साल चला है, उनका जो ट्रेन का कंसेशन है, वह सीनियर सिटीजन्स को फिर से शुरू किया जाए।